दिनांक : 17/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से की अपील, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को न दें राजनीतिक रूप ।
- प्रदेश में कल से शुरू हुई जनगणना, नागरिक 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्व-गणना का कार्य।
- मुख्यमंत्री आज ओंकारेश्वर में सांस्कृतिक महाकुंभ एकात्म पर्व का करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश में तीखे हो रहे गर्मी के तेवर, मौसम विभाग ने आज 20 जिलो में दी लू की चेतावनी।

लोक सभा-महिला आरक्षण विधेयक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों से अपील की कि वे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को राजनीतिक रूप न दें, क्योंकि यह सभी और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग अब इस विधेयक का विरोध करेंगे, उन्हें भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे। श्री मोदी ने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकसभा की कार्यवाही कल देर रात तक चली। इस दौरान संविधान विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम कानून संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा हुई। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाना है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान अधिनियम 2023, के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए लगभग एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गई थी।

वैष्णव - रेल यात्रा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की पहली यात्री ट्रेन की 173वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऐतिहासिक ठाणे रेलवे पुल और शुरुआती ट्रेन की एक तस्वीर साझा की हैं। देश की पहली यात्री ट्रेन ने 16 अप्रैल 1853 को मुंबई के बोरी बंदर और ठाणे

के बीच यात्रा की थी।

सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि यह यात्रा अब भी जारी है, जो भारतीय रेल की स्थायी विरासत को दर्शाती है। उन्होंने एक कोलाज भी जारी किया, जिसमें ऐतिहासिक ठाणे रेलवे पुल की प्रमाणित अभिलेखीय तस्वीर के साथ आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाया गया है।

निर्वाचन आयोग-ईवीएम-वीवीपेट

निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और मतदाता पुष्टि पर्ची-वीवीपैट मशीनों को तैयार किये जाने का कार्य शुरू कर दिया है। यह प्रक्रिया 23 अप्रैल को मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों, उनके अधिकृत प्रतिनिधियों और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में की जा रही है। आयोग ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा औचक रूप से चयनित पांच प्रतिशत मशीनों में एक हजार मतों का मॉक पोल कराया जाएगा। उम्मीदवार स्वयं भी मॉक पोल के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। जबकि दूसरे चरण में, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के स्तर से मतदान केंद्र स्तर तक ईवीएम का औचक रूप से आवंटन किया गया।

जनगणना- प्रदेश

प्रदेश में कल से जनगणना का काम शुरू हो गया हैं। यह 30 अप्रैल तक चलेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित लोक भवन में 16वीं जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया में शामिल हुए। उन्होंने स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाईन स्व-गणना संबंधी जानकारियाँ दर्ज की। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी जनगणना संबंधि स्व गणना का कार्य किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग ले ना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है।

'एकात्म पर्व'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव  आज ओंकारेश्वर में पाँच दिवसीय 'एकात्म पर्व' का मंगलमय शुभारंभ करेंगे। मांधाता पर्वत की कंदराओं में रचे-बसे 'एकात्म धाम'

में आयोजित यह महोत्सव दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अद्‌वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण करेंगे साथ ही वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित होंगे।

नारी शक्ति वंदन

प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं, सतना जिले में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित करने के उद्‌देश्य से कल पदयात्रा का आयोजन किया गया। खंडवा जिले के पुनासा में महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी गई।

नारीशक्ति वंदन- इंदौर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्‌वारा कल यानी 18 अप्रैल को इंदौर में "नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देशभर के सात प्रमुख शहरों—बेंगलुरु, मुंबई, पटना, कटक, दिल्ली, जयपुर और इंदौर—में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें 35,000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। नारीशक्ति वंदन थीम पर आधारित यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण का उत्सव मनाने एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने का प्रयास है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट के लीग मैच में पंजाब किंग्स ने कल रात मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने 196 रन के जीत का लक्ष्य 21 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन बनाए। आईपीएल में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच शाम 7 बजे कर 30 मिनट पर शुरू होगा।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में गर्मी के तेवर और तीखे होते जा रहे हैं। मौसम केंद्र ने आज इनमें रतलाम, झाबुआ, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, बालाघाट सहित 20 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। इससे पहले कल नर्मदापुरम का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- छतरपुर जिले के जिला पंचायत सभा कक्ष में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने विभिन्न शिकायतों, प्रकरणों एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित मामलों का संज्ञान लेते हुए विस्तृत समीक्षा की।
2- कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर 77 खरीदी केन्द्रों में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। अब जक जिले के 5 हजार 416 कृषकों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है।
3- सतना में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने पोर्टल पर स्व-गणना करते हुए जिले में जनगणना कार्य का शुभारंभ किया।
4- आगलमालवा में जनगणना के लिए प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर अपर कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी आरपी वर्मा द्वारा 11 शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।
5- अशोकनगर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
6- झाबुआ जिले में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देशानुसार विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है।
7- डिंडौरी में सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव की छात्रा शौर्या साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।
8- खंडवा जिले ने 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी 15 हजार 584 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है।
9- इंदौर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।